Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १७/१८ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - ३० सितम्बर २०२१ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)

## भारत के लिए लोकतन्त्र केवल एक व्यवस्था नहीं,एक विचार हैः प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी १५ सितंबर, २०२१ को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के मौके पर संसद टीवी के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए।

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टेलीविजन चैनल संसद टीवी की शुरुआत की। इस दौरान राज्यसभा सांसद वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। दिनांक १५.०६.२०२१ बुधवार को पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन हमारी संसदीय व्यवस्था में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ रहा है। आज देश को संसद टीवी के रूप में संचार और संवाद का एक ऐसा माध्यम मिल रहा है जो देश के लोकतंत्र और जनप्रतिनिधियों की नई आवाज के रूप में काम करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि तेजी से बदलते समय में मीडिया और टीवी चैनलों की भूमिका भी तेजी से बदल रही है। २१वीं सदी तो विशेष रूप से संचार और संवाद के जरिए क्रांति ला रही है। ऐसे में ये स्वाभाविक हो जाता है कि हमारी संसद से जुड़े चैनल भी इन आधुनिक व्यवस्थाओं के हिसाब से खुद को ट्रान्सफार्म करें। उन्होंने कहा कि भारत के लिए लोकतन्त्र केवल एक व्यवस्था नहीं है, एक विचार है। भारत में लोकतंत्र, सिर्फ संवेधानिक स्ट्रक्चर ही नहीं है, बल्कि वो एक स्पिरिट है। भारत में लोकतंत्र, सिर्फ संविधाओं की धाराओं का संग्रह ही नहीं है, ये तो हमारी जीवन धारा है।

## रेल मंत्री ने देश में डिजाइन और निर्मित फुल-स्पैन लॉन्चिग मशीन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। स्वदेश में ही डिजाइन की हुई और निर्मित फुल-स्पैन लॉन्चिग इक्विपमेंट-स्ट्रेडल कैरियर तथा गर्डर ट्रांसपोर्टर को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर दिनांक ०६.०६.२०२१ को रवाना किया। इन मशीनों से मुम्बई- अहमदाबाद हाई स्पीड रेल गलियारे में मेहराबदार ढांचे के निर्माण में तेजी आयेगी। रेलमंत्री ने मियां मोतो शिंगो, मंत्री, जापान दूतावास, सुनीत शर्मा, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, सतीश अग्निहोत्री, प्रबंध निदेशक, एनएचआरसीएल एवं एस एन सुब्रह्मण्यम, कार्यकारी निदेशक, लार्सन एवं टूब्रो की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिये इसका शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से संबोधित करते हुये रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के तहत सरकार भारतीय रेलवे को देश के समावेशी विकास का इंजन बनाने के लिये संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय रेलवे एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है जिसमें आम जन की भावना समाहित हैं। आज का समारोह उसी नए भारत की तरफ कदम बढ़ाने का एक उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना (एमएएचएसआर) के ५०८ किलोमीटर लंबे मेहराबदार निर्माण के लिये उत्कृष्ट प्रणाली इस्तेमाल की जा रही है। इस निर्माण में फुल-स्पैन लॉन्चिग प्रणाली (एफएसएलएम) का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रौद्योगिकी के जरिये पहले से तैयार पूरी लंबाई वाले गर्डरों को खड़ा किया जाता है, जो बिना जोड़ के पूरे आकार में बने होते हैं। इन्हें दोहरे मेहराबदार ट्रैक के लिये इस्तेमाल किया जाता है। इसकी मदद से निर्माण कार्य में तेजी आती है। एफएसएलएम को दुनिया भर में इस्तेमाल करते हैं, जहां मेट्रो प्रणाली के लिये मेहराबदार निर्माण में इससे मदद मिलती है। ऐसी मशीनों के डिजाइन बनाने और उनका निर्माण करने में अब भारत भी इटली, नार्वे, कोरिया और चीन जैसे देशों के समूह में शामिल हो गया है।



## खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रजत पदक विजेता मरियप्पन टी को किया सम्मानित




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पैरालंपिक टोक्यो २०२० में रजत पदक विजेता मरियप्पन टी और उनके कोच राजा बी को दिनांक ०४.०९.२०२१ को नई दिल्ली में सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, "मरियप्पन ने रियो और अब टोक्यो में अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया। मैं उन्हें बधाई देता हूं, साथ ही इस अवसर पर सभी पैरा एथलीट को भी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं।" मरियप्पन ने खेल मंत्री से कहा, "मुझे भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी, लेकिन प्रतिस्पर्धा के दिन खराब मौसम के कारण मैं अपना सपना पूरा नहीं कर सका। मुझे भरोसा है कि पेरिस मे एक बार फिर देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल करूंगा।"

## चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस अब सप्ताह में दो दिन

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस अब सप्ताह में दो दिन चालेगी, नई दिल्ली में रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने दिनांक १० सितम्बर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन की आवृत्ति को सप्ताह में एक बार से बढ़ाकर दो बार कर दिया गया है। इस अवसर पर बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सांसद एवं रेल विभाग से संबंधित स्थायी समिति के अध्यक्ष राधामोहन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



## रेलवे कराएगा एसी ट्रेन में नेपाल तक श्रीराम के दर्शन



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। रेलवे देशभर के राम मंदिरों के साथ ही राम भक्तों को नेपाल के राम जानकी मंदिर तक की यात्रा अनूठी यात्रा करा रहा है। इसी कड़ी में सात नवंबर से १७ दिन की इस यात्रा के लिए आईआरसीटीसी विशेष ट्रेन चला रहा है। इसमें भगवान राम के जीवन से जुड़े तमाम स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। 'देखो अपना देश' थीम पर चलने वाली यह ट्रेन डीलक्स एसी होगी। बतादें कि यह ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सात नवंबर को रवाना होगी। यहां यह सीधे भगवान की जन्मस्थली अयोध्या जाएगी। वहां यात्रियों को राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। अयोध्या के बाद यह ट्रेन सीतामढ़ी जाएगी। सीतामढ़ी में जानकी जन्म स्थान नेपाल के जनकपुर स्थित राम जानकी मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। ट्रेन का अगला पड़ाव भगवान शिव की नगरी काशी होगा। वहां से पर्यटक बसों द्वारा काशी के प्रसिद्ध मंदिरों सहित सीता समाहित स्थल, प्रयाग, श्रृंगवेरपुर व चित्रकूट की यात्रा करेंगे। इस दौरान काशी, प्रयाग व चित्रकूट में रात्रि आराम की भी सुविधा होगी।

## झाँसी मंडल द्वारा की गयी रेल राजस्व की बचत

रे.स.ब्यू./सूत्र। झाँसी मंडल द्वारा माह अगस्त २०२१ में हाई स्पीड डीजल खपत में भी रिकॅार्ड रुपये ६५.६१ लाख की बचत है।

इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल रू. ४.०६ करोड़ के राजस्व की बचत हाई स्पीड डीजल के कम इस्तेमाल से की जा चुकी है।

उक्त बचत डीजल के स्थान पर बिजली के अधिकतम उपयोग से संभव हो सकी है। डीजल की खपत में आई कमी के साथ ही तकनीक का उपयोग एवं उचित प्रबंधन से डीजल इस्तेमाल में कमी आई है।

डीजल की खपत में कमी के चलते कार्बन उत्सर्जन में भी गिरावट आती है, जो की पर्यावरण को हरित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा ग्लोबल वॉर्मिंग की रोकथाम हेतु सहायक है। माह अगस्त में मध्य प्रदेश क्षेत्र से रु.२.७६ करोड़ की बिजली व्यय में राजस्व बचत की गयी है।

## मास्क न पहनने वालो से वसूला जुर्माना

रे.स.ब्यूरो। कोविड महामारी से बचाव हेतु जागरुक करने के दृष्टिगत रेल प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में वाणिज्य विभाग, प्रयागराज मण्डल द्वारा इस वैश्विक महामारी में बिना मास्क पहने स्टेशन परिसर में आने वालों के विरुद्ध नियमित चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल के सभी स्टेशनों पर बिना मास्क पहने लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये प्रयागराज ज. पर २०८८ एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर १११ एवं कानपुर अनवरगंज में ५८ लोगों सहित प्रयागराज मण्डल में अगस्त २०२१ में कुल २६६८ लोगों से जुर्माना वसूला तथा कुल रु.२६६२००/- की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। प्रयागराज मण्डल में यात्रियों को कोरोना महामारी के दृष्टिगत मास्क पहनने, तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु विभिन्न माध्यमों जैसे अनाउंसमेंट, पोस्टरों, डिजिटल म्यूजियम में ऑडियो तथा वीडियो माध्यमों से निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

## एनएसडी के पूर्व निदेशक बने एनसीजेडसीसी के निदेशक

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराजः उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) में तीन साल के लिए नियमित निदेशक की नियुक्ति हो गई है। नेशनल स्कूल आफ ड्रामा (एनएसडी) के पूर्व निदेशक सुरेश शर्मा सात राज्यों में सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए जिम्मेदार इस प्रतिष्ठित केंद्र के नए निदेशक बनाए गए हैं। उन्होंने नई दिल्ली में संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार पदभार भी ग्रहण कर लिया है।

## महाप्रबंधक संरक्षा सम्मान से हुए सम्मानित




रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर एवं रायपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के ०२ रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक आलोक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। कोरोना प्रोटोकोल का पूरी तरह पालन करते यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी कड़ी में दिनांक ३० जुलाई, २०२१ को बिलासपुर रेल मंडल के खोडरी रेलवे स्टेशन में कार्यरत धनीराम जायसवाल, ट्रैफिक असिस्टेंट-I के द्वारा सुबह ०३.५५ बजे गाड़ी संख्या ०५२३२ गोंदिया-बरौनी स्पेशल से सिग्नल एक्सचेंज के दौरान ट्रेन में लगे हुए हेड लोको में ब्रेक बाइडिंग की पहचान कर सजगता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटना को टालने में प्रशंसनीय कार्य किया गया है। इसी प्रकार दिनांक १७ अगस्त, २०२१ को रायपुर रेल मंडल के निपनिया रेलवे स्टेशन में कार्यरत संजीत कुमार, स्टेशन मास्टर के द्वारा एक मालगाडी में हॉट एक्सल की पहचान कर सजगता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटना को टालने में प्रशंसनीय कार्य किया गया। संरक्षा से संबंधित कार्य की सराहना करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने दोनों रेलकर्मियों से उनके कार्य की जानकारी ली एवं भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## उमरे महिला कल्याण संगठन द्वारा शिक्षक दिवस आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज द्वारा संचालित टेण्डर फीट स्कूल, सूबेदारगंज में दिनांक ०६.०९.२०२१ को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की संचालिका के साथ शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा पूनम कुमार ने स्कूल की संचालिका एवं सभी शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी। स्कूल की संचालिका एवं शिक्षिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये एवं गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव उर्मिला ओझा, अलका मेहता, वंदना मिश्रा, मंजुलिका मिश्रा, प्रीति मिश्रा, उपस्थित रहीं।

## संरक्षा विभाग द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान



रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा कैटल रन ओवर की घटनाओं की रोकथाम के द्रष्टिगत निरंतर जागरुकता अभियान चलाया जाता है। इन जागरुकता अभियानों के क्रम में दिनांक १२.०६.२०२१.को मिर्ज़ापुर-झिगुरा के बीच MRO/CRO तथा ट्रेस पासिंग के बारे में भिन्न-भिन्न ग्रामीण क्षेत्रो जैसे मुहकूचवागांव, जयापुर, डेगाहा, सोनपुर, अधौली, बरकछा, हसुआ तथा देवरी एवं रेलवे लाइन के किनारे के क्षेत्र का संयुक्त रूप से भर्मण करके लोगों को जागरूक किया गया।

MRO/CRO तथा ट्रेस पासिंग को रोकने के उपाय पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस जागरुकता अभियान में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा करीब १५०-१६० लोगो को जागरूक किया गया। सभी ने जागरूकता अभियान की महत्ता को समझा एवं पशुओं को बिना किसी व्यक्ति के न चराने एवं ट्रेस-पासिंग न करने पर बल दिया। इस अभियान को यातायात-निरीक्षक मिर्ज़ापुर मनीष सिह,संरक्षा-सलाहकार चन्द्रिका प्रसाद/प्रयागराज,तथा रेलवे सुरक्षा बल मिर्ज़ापुर के निरीक्षक अशोक कुमार एवं प्रेम सागर द्वारा संपन्न कराया गया। इस अभियान के तहत रेलवे द्वारा जारी हैंड बिल तथा पंफ्लेट भी वितरित किया गया।

## चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस की बारंबारता में वृद्धि का शुभारंभ



रे.स.ब्यू./सूत्र। हाजीपुर। रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश द्वारा दिनांक १०.०६.२१ को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गाड़ी संख्या १४००६/१४०१० बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनस चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन की बारंबारता में वृद्धि का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सांसद एवं रेल संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष राधामोहन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक/हरसिद्धि कृष्णनंदन पासवान, विधायक/गोविंदगंज सुनील मणि तिवारी एवं विधायक/पिपरा श्यामबाबू प्रसाद यादव सहित समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।_चम्पारण सत्याग्रह की बारंबारता में वृद्धि से दिल्ली के लिए रेल कनेक्टिविटी में वृद्धि होगी जिससे लोगों को लाभ होगा।

## मंडल रेल प्रबंधक/झांसी द्वारा वृक्षारोपण



रे.स.ब्यू./सूत्र। ऑल इण्डिया एस०सी/एस०टी० रेल्वे इम्प्लाईज एसो. झांसी मण्डल द्वारा दिनांक ०३.०६.२०२१ को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मण्डल रेल प्रबन्धक आशुतोष मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे तथा मण्डल अध्यक्ष सत्यपाल सिह की उपस्थिति अशोक सदन में वृक्षारोपण सम्पन्न किया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक अमित सेंगर एवं दिनेश कुमार वर्मा सहित सभी शाखा अधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजीव जाटव, आर०सी०आजाद, डी०के०गौतम, नाथूराम सरसैया, बालकिशन, जी०पी०सिह, रजनेश स्वामी, लक्ष्मन रिछारिया, नीरज कुमार, सन्तोष सिद्धार्थ, अरूण कुमार, जे०एस० वर्मा, अंजना डेविस, राखी, रेखा सूत्रकार, महावीर सिह आदि मण्डल एवं शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## एक बड़ी चुनौती, चीन के साथ तालमेल: जयशंकर



रे.स.ब्यू./सूत्र। नई दिल्लीः विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले साल चीनी सेना ने बिना किसी खास कारण के पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में घुसपैठ की है जिसकी वजह से भारत व चीन के रिश्तों में बड़े बदलाव आ गए हैं। भारत को चीन के साथ रिश्तों का तालमेल बिठाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। आस्ट्रेलियाई सेंट्रल यूनिवर्सिटी को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अभी जो हालात बने हैं उसे देखते हुए चीन के साथ रिश्तों में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए।विदेश मंत्री ने क्वाड (भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया व जापान का संगठन) को मौजूदा माहौल में जरूरी बताया और इसे भी चीन के एक बड़ी शक्ति के तौर पर उभरने से जोड़ कर देखा। विदेश मंत्री ने यह बात भी सामने रखी कि चीन के एक शक्ति तौर पर बढ़ने से कई देशों पर भारी असर होगा। क्वाड को विदेश मंत्री ने वैश्विक माहौल में हो रहे बदलाव का ही एक परिणाम के तौर पर चिह्नित किया। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि एकल शक्ति का दौर खत्म हो गया। द्विपक्षीय संवंधों की अपनी सीमाएं हैं। बहुपक्षीय संगठन काम नहीं कर पा रहे। जिस तरह के बदलाव का दौर चल रहा है हमें पता नहीं है कि आगे क्या होगा।

## जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

रे.स.ब्यूरो/ कौशाम्बी जिला अस्पताल परिसर का जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वर्षा के कारण हुए जलभराव की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु ईओ मंझनपुर अस्पताल में सफाई का कार्य करने वाली ग्लोबल एजेन्सी के सुपरवाइजर एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० दीपक सेठ को सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## रेलवे को ३६,००० करोड़ का नुकसान



रे.स.ब्यू./सूत्र। केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानबे ने रविवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान रेलवे को ३६,००० करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने मालगाड़ियों को राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के लिए वास्तविक राजस्व उत्पादक करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे के साथ एक बुलेट ट्रेन परियोजना को क्रियान्वित किया जाएगा, जो वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। रेल राज्यमंत्री जालना रेलवे स्टेशन पर एक अंडरब्रिज के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यात्री ट्रेन खंड हमेशा घाटे में चलता है। चूंकि टिकट का दाम बढ़ने से यात्रियों पर असर पड़ता है, इसलिए हम ऐसा नहीं कर सकते। महामारी के दौरान रेलवे को ३६,००० करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मंत्री ने कहा कि केवल मालगाड़ियां ही राजस्व उत्पन्न करती हैं। महामारी के दौरान इन ट्रेनों ने माल ढोने और लोगों को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बुलेट ट्रेन को लेकर उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे के साथ शुरू की जाएगी। दानवे ने कहा कि रेलवे ने वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर परियोजना शुरू की है, जो नवी मुंबई को दिल्ली से जोड़ेगी। उन्होंने नांदेड़ और मनमाड स्टेशनों के बीच पटरियों के दोहरीकरण का भी आश्वासन दिया।

## "मेरी सहेली" अभियान के तहत १६३५५ महिला यात्रियों को किया अटेण्ड

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महिला रेलयात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा प्रदान करने के दृष्टिगत भारतीय रेलवे में "मेरी सहेली" अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के तहत रेलवे परिसर व ट्रेन में यात्रा कर रही महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जाए और यात्रा करने के दौरान महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। "मेरी सहेली" अभियान के तहत गठित टीम द्वारा महिला यात्रियों से सम्बन्धित कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही की जाती है तथा प्राप्त सूचना व चेकिंग से सम्बन्धित सूचना को, प्रतिदिन मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज को समय से दी जाती है। महिला यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल में मेरी सहेली प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल-८ महिला टीमों प्रयागराज (तीन टीमें), कानपुर सेंट्रल (तीन टीमें) एवं अलीगढ़(दो टीमें) का गठन किया गया है। इसी कड़ी में दिनांक २५.१०.२०२० से दिनांक ३१.०८.२०२१ तक मेरी सहेली अभियान के दौरान रेल सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज द्वारा ६५६१ महिला यात्रियों, कानपुर सेंट्रल द्वारा ७७२४ महिला यात्रियों एवं अलीगढ़ द्वारा २०७० महिला यात्रियों सहित कुल १६३५५ महिला यात्रियों को अटेण्ड किया गया।

## सम्पादकीय

# इंसानियत न हो शर्मसार

पूरी दुनिया के लिए अफगानिस्तान का बर्बरता के शिकंजे में चले जाना चिंताजनक है। तालिबान इस्लामी सत्ता की स्थापना के लिए जो कर रहा है, उसकी दुनिया में किसी कोने में शायद ही प्रशंसा होगी। वहीं दुनिया के साथ साथ भारत जैसे देश तो कुछ ज्यादा ही आहत हैं। अफगानिस्तान कभी भारत वर्ष का हिस्सा था, जहां सनातन धर्म और बौद्धों का वर्चस्व था साथ ही एक उदारवादी ताकत के रूप में न जाने कितनी विकास परियोजनाओं में भारत की वहां हिस्सेदारी रही। एक अनुमान के अनुसार, भारत ने वहां २.३ अरब डॉलर के सहायता कार्यक्रम चला रखे हैं, खैर भारतीय ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों के लोग भी अफगानिस्तान से भाग रहे हैं और तालिबान में इतनी सभ्यता भी नहीं कि वह लोगों को रोकने के लिए को अपील करे। भारतीय दूतावास पर विगत दशकों में तालिबान ने एकाधिक आतंकी हमले सीधे किए हैं और वह अपनी मंशा साफ कर चुका है। कंधार विमान अपहरण के समय तालिबान की भूमिका भारत देख चुका है। क्या दुनिया के आतंकवादियों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना मिल जाएगा? क्या ये पैसे लेकर सभ्य देशों को परेशान करेंगे? अभी भारत के पास परिषद की अध्यक्षता है, क्या उसे नए सिरे से पहल नहीं करनी चाहिए? तालिबान पर किसी को भरोसा नहीं है और अभी सभी का ध्यान अपने-अपने नागरिकों को बचाने पर है, तालिबान में भी सभी आतंकी नहल्ल होंगे, कुछ सभ्य भी होंगे, जो अपने देश की बदनामी नहीं चाहेंगे। ऐसे लोगों को कोशिश करनी चाहिए कि अफगानिस्तान का पुनर्निर्माण न रुके। महिलाओं की तौहीन न हो। अफगानिस्तान दुनिया में नफरत और हिंसा बढ़ाने की वजह न बने। कुल मिलाकर अगर कहा जाए तो उदारता और समझ के द्वार खुले होने चाहिए, ताकि इंसानियत शर्मसार न हो।

# राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने प्रो० राजेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय में नवनिर्मित भवनों का किया लोकार्पण




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण व प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) की प्रतिमा का अनावरण किया साथ ही राज्यपाल ने विश्व-विद्यालय कैम्पस में पौधारोपण भी किया। दिनांक १२.०६.२०२१ को लोकार्पण के उपरांत राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कैम्पस में बने परीक्षा भवन में आयोजित कार्यक्रम में ३५ आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए फन चर, खिलौने आदि से सम्बंधित किट का वितरण किया साथ ही ०५ गर्भवती महिलाओं की गोद भरा करते हुए उनसें संवाद भी किया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुएं व ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया।

राज्यपाल ने पांच गर्भवती महिलाओं अंतिमा साहू, रेनू, अंतिमा मिश्रा, रानी गिरी एवं सरिता को माथे पर टीका लगाकर व पौष्टिक आहार की टोकरी भेंट कर गोद भराई की रस्म पूरी की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में गरीबों के बच्चे आते है, यह हमारी जिम्मेदारी है कि उन्हें अच्छी से अच्छी सुविधा प्रदान करें, उन्हें पौष्टिक आहार के साथ-साथ उन्हें प्यार, दुलार भी मिलना चाहिए। यह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता में साप्ताहिक संरक्षा एवं समयपालन बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने जोन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिनांक ०८.०६.२०२१ को बैठक की। जिसमें आगरा, प्रयागराज और झांसी के मंडल रेल प्रबंधकों ने वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया । बैठक के दौरान, महाप्रबंधक /उत्तर मध्य रेलवे ने पूर्व के निरीक्षणों के दौरान अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में सुधारात्मक कार्रवाई को सुनिश्चित करने के लिए एक फीडबैक तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान पिछले निरीक्षणों के संदर्भ में की गई कार्रवाई की जांच करें। उन्होंने आगे कहा कि चालू मानसून के दौरान यदि ट्रैक पर पानी आ जाता है तो संचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए। बैठक के दौरान प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवींद्र वर्मा ने ज़ोन में अलार्म चेन पुलिग मामलों के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इस संदर्भ में यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। ड्राइव के दौरान सोशल मीडिया और पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग लोगों को अनावश्यक अलार्म चेन पुलिग के नतीजों और अपराध के लिए सजा के बारे में जागरूक करने के लिए किया जाएगा। अन्य जोनों के संरक्षा विफलता के मामलों जैसे सिगनल पासिंग एट डैंजर आदि पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

# गुरजीत कौर और निशा वारसी को रेलवे में अधिकारी के रूप में मिली पदोन्नति



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। हाल ही में संपन्न टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य गुरजीत कौर और निशा वारसी जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया, उन्हें उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। जारी किये गये प्रोन्नति आदेश के माध्यम से गुरजीत कौर को विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी)/स्पोर्ट्स-१/मुख्यालय तथा निशा को पदोन्नत कर ओएसडी/ स्पोर्ट्स-२/मुख्यालय के रूप में पदोन्नत किया गया है। यह स्मरणीय है कि २०/०८/२१ को प्रयागराज पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के अभिनन्दन के साथ उत्तर मध्य रेलवे द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार ने दोनों अधिकारियों को बधा देते हुए कहा कि उत्तर मध्य रेलवे को इन दोनों पर गर्व है। उन्होंने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रयागराज ज. एवं कानपुर सेंट्रल पर चला चेकिंग अभियान



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल यात्रा के दौरान अनियमित यात्रा करने व स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत प्रयागराज मण्डल द्वारा दिनांक ०८.०६.२०२१ को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रयागराज ज. पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अंशु पाण्डेय, के मार्गनिर्देशन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज त्रिपाठी एवं स्टेशन प्रबंधक वी के द्विवेदी द्वारा टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ ०२४१७ प्रयागराज एक्सप्रेस, ०२४२७ रीवा आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल, ०५६५५, ब्रम्हपुत्र स्पेशल सहित १२ ट्रेनों की चेकिंग की गई। इस दौरान ४१६ लोगो को बिना टिकट पकड़ा गया और रुपये ३,००,४३० जुर्माने के रूप में वसूले गये। इसी क्रम में कानपुर सेंट्रल में भी उप यातायात प्रबंधक हिमांशू उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी एवं १८ चेकिंग स्टाफ द्वारा १८ ट्रेनों की चेकिंग की गई। इस दौरान ३६३ लोगो को बिना टिकट व ३६ लोगो को स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुये पकड़ा गया और रुपये २,२५,३२५/- जुर्माने के रूप में वसूले गये। अतः इस चेकिंग अभियान के दौरान कुल ७७६ लोगो को बिना टिकट यात्रा करने एवं ३६ लोगो को स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुये पकड़ा गया और रुपये ५,२५,७५५/- जुर्माने के रूप में वसूले गये।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर. यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# ४०० रेलवे स्टेशनों का मौद्रीकरण के तहत होगा पुनर्विकास

रे.स.ब्यू./सूत्र। अगले चार वर्षों में ४०० रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास होगा और ६० पैसेंजर ट्रेन का संचालन निजी आपरेटर्स करने लगेंगे। वहीं १,४०० किमी के ट्रैक का विकास भी निजी कंपनियां करेंगी। पहाड़ी इलाके के रेलवे, डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर और रेलवे कालोनी के पुनर्विकास का काम भी संपदा मौद्रीकरण के तहत किया जाएगा। वित्त वर्ष २०२१-२२ से लेकर वित्त वर्ष २०२४-२५ तक १,५२,४६६ करोड़ रुपये मूल्य की रेलवे संपदा के मौद्रीकरण का लक्ष्य रखा गया है।

चालू वित्त वर्ष २०२१-२२ में १७,८१० करोड़ मूल्य की संपदा का ही मौद्रीकरण होगा। चालू वित्त वर्ष में सिर्फ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास, पहाड़ी रेलवे का निजी संचालन और रेलवे कालोनियों का पुनर्विकास कराया जाएगा। संपदा मौद्रीकरण का पूरा खाका नीति आयोग ने तैयार किया है। नीति आयोग के मुताबिक अगले चार वर्षों में ४०० स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। इनमें से टियर-१ के ५०, टियर-२ के १०० और टियर-३ के २५० स्टेशन शामिल हैं।

इन स्टेशन का चयन उनकी कामर्शियल क्षमता के हिसाब से किया गया है। टियर-१ के स्टेशन के पुनर्विकास पर प्रति स्टेशन ५०० करोड़ का खर्च हो सकता है। वहीं टियर-२ में प्रति रेलवे स्टेशन ३०० करोड़ तो टियर-३ में प्रति रेलवे स्टेशन ८५ करोड़ खर्च अनुमानित है।

रेलवे में १५० पैसेंजर ट्रेन का संचालन निजी हाथों में सौंपने के लिए पहले से ही टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इनमें से ६० ट्रेन का संचालन मौद्रीकरण स्कीम के तहत वित्त वर्ष २०२२-२३ से लेकर २०२४-२५ में शुरू हो जाएगा। निजी रूप से चलने वाले ट्रेन की टेंडर प्रक्रिया को चालू वित्त वर्ष में अंतिम रूप दिया जाएगा। १५० निजी पैसेंजर ट्रेन का संचालन को १२ क्लस्टर का चयन हुआ है।

# ट्रेन को ग्रीन सिग्नल, किसानों की उम्मीदों का सफर

रे.स.ब्यू./सूत्र। आगराः यमुना ब्रिज रेलवे स्टेशन पर खड़ी 'किसान रेल' को सोमवार को तड़के ४.३० बजे जैसे ही ग्रीन सिग्नल मिला, आलू उत्पादकों की उम्मीदों ने सफर शुरू कर दिया। दूसरे राज्यों में हर साल भेजा जाने वाला आलू पहली बार ट्रेन रूट से भेजा गया। आलू से भरे १२ वैगन वाली ये ट्रेन मात्र ३७ घंटे में असम के चांगसारी स्टेशन पर पहुंच जाएगी। सड़क मार्ग से वहां तक पहुंचने में चार दिन लग जाते थे। आलू उत्पादन के क्षेत्र में आगरा बहुत बड़ा नाम है। यहां का आलू महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश तक की मंडियों में हाथोहाथ लिया जाता है। असम में तो आगरा के आलू की काफी डिमांड रहती है। रेलवे ने आलू उत्पादकों सहूलियत देने को 'किसान रेल' का संचालन शुरू किया है। स्पेशल साप्ताहिक किसान रेल (गाड़ी संख्या ००४६१) यमुना ब्रिज, टूंडला, प्रयागराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, दानापुर, बरौनी कटिहार होते हुए असम के चांगसारी स्टेशन पहुंचेगी।

# आम यात्री की तरह रेलमंत्री ने किया सफर, यात्रियों से मिले

रे.स.ब्यू./सूत्र। नईदुनिया, जगदलपुरः रेलमंत्री बनने के बाद पिछले दिनों रेल इंजन में सफर कर सुर्खियों में रहने वाले अश्विनी वैष्णव एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने चार दिन के अपने ओडिशा दौरे की शुरुआत गुरुवार को आम रेल यात्री के रूप में सफर से की। गुरुवार देर शाम भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड स्पेशल एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर ०८४४५) में भुवनेश्वर से सफर कर शुक्रवार तड़के वह ओडिशा के रायगड़ा पहुंचे। हालांकि, उन्होंने पूरा सफर द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित शयनयान कोच में किया, लेकिन सफर के बीच वह रेल अधिकारियों के साथ तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच के साथ स्लीपर और जनरल कोच में भी पहुंचे।

# स्टेशन पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराजः अनियमित यात्रा करने और स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए प्रयागराज मंडल में गुरुवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज त्रिपाठी और स्टेशन निदेशक वीके द्विवेदी ने २२ टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ ०२४१७ प्रयागराज एक्सप्रेस, ०२४२७ रीवा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल, ०५६५५ ब्रह्मपुत्र स्पेशल सहित १२ ट्रेनों की चेकिंग की गई। इस दौरान ४१६ लोगों को बिना टिकट पकड़ा गया और ३,००,४३० रुपये जुर्माना वसूला गया।

# लोकप्रियता के मामले में पीएम नरेन्द्र मोदी नंबर वन हैं

रे.स.ब्यू./सूत्र। नई दिल्ली, पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक और उपलब्धि हासिल की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन भी उनसे पीछे हैं। द मार्निंग कंसल्ट के सर्वे में पीएम मोदी की रेटिंग ७० फीसद है। शीर्ष १३ वैश्विक नेताओं में उनकी लोकप्रियता सबसे ज्यादा है। वयस्कों के बीच भी वह सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं।

भारत में इस आबादी के बीच किए गए सर्वे में ७५ फीसद लोगों ने उनके कामकाज पर खुशी जताई है। बता दें कि इसी साल जून में उनकी रेटिंग ६६ फीसद थी। यह अगस्त २०१६ के ८२ फीसद के मुकाबले लगभग २० फीसद कम थी। यह कंपनी साप्ताहिक आधार पर अपने आंकड़ों को अपडेट करती है। कंपनी द्वारा जो सैंपल साइज लिया जाता है, उसमें कुछ लोगों को चुना जाता है और उनसे कुछ सवालों पर बात की जाती है। ये सर्वे काफी जटिल तरीके से किया जाता है, जिसमें कंपनी के पास रियल टाइम पोलिंग डाटा, पालिटिकल इलेक्शन डाटा, चुने हुए प्रतिनिधियों का डाटा और चुनावी मुद्दे होते हैं।

सर्वे के लिए ११ हजार से अधिक लोगों से दुनियाभर में प्रश्न पूछे जाते हैं।

## वैश्विक नेताओं की रेटिंग

| | |
|---|---|
| ▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (भारत) | - ७० |
| ▶ राष्ट्रपति लोपेज ओब्राडोर (मैक्सिको) | - ६४ |
| ▶ प्रधानमंत्री मारिओ द्राघी (इटली) | - ६३ |
| ▶ राष्ट्रपति जो बाइडन (अमेरिका) | - ४८ |
| ▶ प्रधानमंत्री स्काट मारीसन (आस्ट्रेलिया) | - ४८ |
| ▶ प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (कनाडा) | - ४५ |
| ▶ राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो (ब्राजील) | - ३६ |
| ▶ राष्ट्रपति मून जे इन (द. कोरिया) | - ३८ |
| ▶ प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज (स्पेन) | - ३५ |
| ▶ राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो (फ्रांस) | - ३४ |
| ▶ प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा (जापान) | - २५ |

## मोदी का नेतृत्व विश्वास का प्रतीकःशाह

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट में कहा, 'प्रधानमंत्री जी ७० फीसद रेटिंग के साथ विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में शिखर पर बने हुए हैं। यह मोदी जी के कार्यो और दूरदर्शी नेतृत्व में हर भारतीय के अटूट विश्वास का प्रतीक है। 'भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, 'नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च रैकिंग मिलना देश के लिए सम्मान और गौरव की बात है।'

# भुवनेश्वर राजधानी में अब प्रयागराज से भी सीटें

रे.स.ब्यू./सूत्र। भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस से सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अब हर रोज इस गाड़ी से प्रयागराज से भी सीटों की बुकिंग शुरू कर दी गई है, जबकि अभी तक संबलपुर होकर आने वाली राजधानी में ही रिजर्वेशन की अनुमति थी।

भुवनेश्वर से दिल्ली के बीच अलग-अलग गाड़ी संख्या वाली तीन राजधानी हैं, जो ०२८२३/०२८२४ भुवनेश्वर-नई दिल्ली वाया टाटा, ०२८२५/०२८२६, भुवनेश्वर-नई दिल्ली वाया अद्रा और ०२८५५/०२८५६ भुवनेश्वर-नई दिल्ली वाया संबलपुर सिटी चलाई जाती हैं।

# उत्कृष्ट काम करने वाले रेलकर्मी सम्मानित

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराजः एनसीआर के जीएम प्रमोद कुमार ने तीन मंडल के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। १६ कर्मचारियों को उत्कृष्ट काम करने के लिए संरक्षा पुरस्कार दिए गए। इसमें बिजली विभाग के छह कर्मचारी, इंजीनियरिंग विभाग के दो, परिचालन के दो, परिचालन के दो व यांत्रिक विभाग के छह कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें जितेन्द्र कुमार, प्रमोद कुशवाहा, तुलसीराम, विजय सिंह, शीतल कुमारी, अनीस खान, जगमोहन, धरमवीर सिंह, प्रमोद कुमार, राकेश कुमार, चन्दन सिंह, विशेष कुमार मीना, श्याम सिंह, प्रमोद साहू, शम्भू कुमार शामिल हैं। आगरा कैंट के कैरिज एंड वैगन विभाग के टेक्नीशियन बसंत कुमार को 'इम्प्लाइ आफ द मंथ' से सम्मानित किया गया।

एजीएम रंजन यादव, प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर सतीश कोठारी, प्रमुख मुख्य इंजीनियर एसके मिश्रा, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कुंदन कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक विप्लव कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, एमके गुप्ता समेत अन्य विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। संरक्षा पुरस्कार में दो हजार रुपये, मेडल व प्रशस्ति पत्र शामिल है।

# अब सरकार मदद करेगी सेमीकंडक्टर उद्योग की स्थापना में

रे.स.ब्यू./सूत्र। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि सरकार देश में सेमीकंडक्टर स्थापित करने में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्योग से विदेशी मुद्रा खर्च को भी घटाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ समय के दौरान दुनियाभर में सेमीकंडक्टर की काफी कमी हुई है।



जिसने आटो समेत कई अन्य उद्योगों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसी को देखते हुए पिछले दिनों टाटा ग्रुप ने सेमीकंडक्टर कारोबार में उतरने की तैयारी का एलान किया था। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग स्थापित करने और पोत परिवहन उद्योग को मजबूत करने से सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी बल मिलेगा। गोयल के अनुसार दुनियाभर में सेमीकंडक्टर की कमी है और सरकार भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की शुरुआत पर काफी ध्यान दे रही है।

गोयल ने साथ ही उम्मीद जताई कि बड़ी कंपनियां पोत परिवहन उद्योग में रुचि लेंगी, जिससे देश के विदेश व्यापार के लिए महत्वपूर्ण इस क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# १०० से अधिक लाभार्थियों को दिया विधायक ने प्रधानमंत्री आवास की चाभी



रे.स.ब्यूरो./सांवा. कौशाम्बी विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने नेवादा ब्लाक व चायल ब्लाक में प्रधानमंत्री की स्वर्णिम योजना प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थियों को कब्जे हेतु विधायक द्वारा चाभी सौंपी गई पात्रता सूची में सभी चयनित लाभार्थि चाभी पाकर चेहरे खुशी से खिल उठे और मोदी योगी जिंदाबाद के नारे भी लगाए साथ ही विधायक ने कहा कि मोदी योगी की डबल इंजन की सरकार गरीबों की हित की सरकार है भाजपा एकमात्र सरकार है जो योजना चलाई जाती है सीधे लाभार्थ को प्राप्त होता है इसमें कोई बिचौलिया नही है प्रधानमंत्री आवास की रकम सीधे खाते में प्राप्त होती है विधायक ने १०० से अधिक लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाभी दिया। व सभी बहनों को आने वाले हरितालिका तीज की शुभकामनाएं देते हुए उपहार स्वरूप एक एक साड़ी भेंट किया इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी अधिकारीगण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब का मुख्य उद्देश्य जरूरत मंदो की मदद करना

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराजः रोटरी क्लब इलाहाबाद-३१२० की बैठक सिविल लाइंस के एक होटल में हुई। मुख्य अतिथि प्रदीप मुखर्जी ने पदाधिकारियों को रोटरी क्लब के उद्देश्यों के अनुसार कार्य करने को प्रेरित किया। कहा कि क्लब का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचकर मदद करना हैं हर सदस्य को उसी के अनुरूप काम करना चाहिए।

क्लब के अध्यक्ष गौरीश आहूजा ने कहा कि जनहित में चलाई जा रही मुहिम को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हो सकें।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# लखनऊ-रायपुर-लखनऊ स्पेशल ट्रेन का समय मे आंशिक परिवर्तन

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा रायपुर एवं लखनऊ के मध्य चल रही ०५३०५/०५३०६ लखनऊ-रायपुर-लखनऊ स्पेशल ट्रेन का उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर रेलवे स्टेशन की समय सारणी मे आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। यह परिवर्तन दिनांक १३ सितम्बर, २०२१ को लखनऊ से चलने वाली ०५३०५ लखनऊ- रायपुर स्पेशल ट्रेन कानपुर रेलवे स्टेशन मे १५.४० बजे पहुचकर १५.४५ बजे रवाना होगी। इसी प्रकार दिनांक १४ सितम्बर, २०२१ को रायपुर से चलने वाली ०५३०६ रायपुर-लखनऊ स्पेशल ट्रेन कानपुर रेलवे स्टेशन मे ०३.२० बजे पहुचकर ०३.२५ बजे रवाना होगी। इस गाड़ी में केवल कनफर्म टिकट रेल यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी एवं कोविड़ के सभी नियमो का कड़ाई से पालन करना होगा।

# दिनेश कुमार बने प्रयागराज मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक का पदभार दिनेश कुमार ने दिनांक २३.०८.२०२१ को ग्रहण कर लिया। इससे पहले वे स्टेशन डायरेक्टर/ झाँसी के पद पर तैनात थे। इनकी नियुक्ति रेल भर्ती बोर्ड द्वारा दिनांक २०.१०.१९९५ में मुख्य विधि सहायक के पद पर दिल्ली डिविजन में हुई थी। इन्होने विभिन्न पदों पर नियुक्ति के दौरान कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न करवाया, जिसके कारण इन्हें रेलवे द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें २०१२ में रेल मंत्री पुरस्कार, २०१६ में महा प्रबंधक पुरस्कार, २०१७ में प्रमुख मुख्य इंजीनियर पुरस्कार तथा २०१९ में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण पुरस्कार से समानित किया गया।

# मिनी आईप ने एलआईसी के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

रे.स.ब्यू./सूत्र। लखनऊ, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में मिनी आईप ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आंध्र विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर आईप इससे पूर्व भारतीय जीवन बीमा निगम के विधि विभाग में कार्यकारी निदेशक रही हैं।

आईप एलआईसी की पहली महिला क्षेत्रीय प्रबंधक और दक्षिण मध्य क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबादकी मुखिया रही हैं।

आइआइसी एचएफएल की कार्यकारी निदेशक व सीईओ के रूप में भी कार्य किया है और आइआइसी एचएफएल को अपने कार्यकाल के दौरान व्यापार व राजस्व लाभ में ऊंचाईयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

# यूपी के लिए चुनाव सम्बन्धी सात सदस्यों की मुख्य समिति- जेपी नड्डा

रे.स.ब्यू./सूत्र। नई दिल्लीः उत्तर प्रदेश, की चुनाव तैयारी कई स्तरों पर होगी। सांगठनिक तैयारी को बल देने के लिए जहां चुनाव प्रभारियों की बड़ी फौज तैयार की गई है वहीं सात सदस्यों की एक की एक उच्चस्तरीय अनौपचारिक समित का गठन भी हो गया है जो विशेष रणनीति पर काम करेगी।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बुधवार को इसकी पहली बैठक भी हो गई। इसमें धर्मेन्द्र प्रधान, अनुराग ठाकुर, भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के साथ साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं। शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि रणनीति पर कई स्तरों पर चर्चा जरूरी है। साथ ही साथ ऐसी समिति भी होनी चाहिए जो किसी प्रोजेक्ट, किसी राजनीतिक प्रतिक्रिया आदि पर भी तत्काल निर्णय ले सके। प्रधान और ठाकुर चुनाव प्रभार देख ही रहे हैं, भूपेंद्र का भी चुनाव अनुभव है।

# 'श्री रामायण यात्रा' स्पेशल ट्रेन अब नवम्बर में आएगी -आईआरसीटीसी

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराजः इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) 'श्री रामायण यात्रा' स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। स्पेशल ट्रेन सात नवंबर को चलेगी और २३ नवंबर को अपने गंतव्य पर पहुंचेगी।


विशेष डीलक्स ट्रेन में एसी प्रथम, एसी द्वितीय श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दिल्ली से रवाना होगी। अयोध्या, प्रयागराज, चित्रकूट, वाराणसी होते हुए सीतामढ़ी, रामेश्वरम जाएगी। वहां से लौटकर दिल्ली पहुंचेगी।

# MINISTER OF RAILWAYS REVIEWS PROGRESS OF WORK ON THE JAMMU-SRINAGAR RAIL LINK PROJECT AT KATRA

Source/CPRO/NDLS: Ashwini Vaishnaw, Minister of Railways visited SMVD Katra on 13.09.2021. The Minister laid the foundation stone for enhanced infrastructure and passenger amenities at the Sri Mata Vaishno Devi Katra station. He reviewed the ongoing work on the Udhampur-Srinagar-Baramulla-Rail-Link Project (USBRL). He boarded the prestigious semi-high speed Vande Bharat Express train from SMVD Katra for Jammu. He interacted with the passengers while on the train. Ashutosh Gangal, General Manager Northern Railway, Chief Administrative Officer, USBRL Project, S.K. Jha, Divisional Railway Manager, Firozpur, Dr. Seema Sharma and other officials of Northern Railway and USBRL were present on the occasion. Ashwini Vaishnaw on his first trip as Minister of Railways to the hugely popular temple town of Katra visited the SMVD Katra railway station. The Minister laid the foundation stone for increasing infrastructure for initiating the Katra-Banihal rail section, which is underway under the USBRL project. He went around the premises inspecting the various facilities existing in the world class station. He interacted with the pilgrims who had traveled from different parts of the country to visit the Shrine. The Minister was briefed about the progress of work of the final leg of the USBRL project which is to link Jammu to Srinagar by the USBRL Engineers. The project which is to Link Jammu to Srinagar Valley through an all-weather rail line is being built at a cost of Rs 27,949 Crore. The construction of the rail line in the young fold, seismically active Himalayan region has been a challenge. Three sections from Banihal-Baramulla have already been completed and made operational. The fourth and final leg of the project 111 Km between Katra-Banihal is the most challenging as 97 Km of the route is in tunnels. There are 07 stations proposed in the section. Due to paucity of flat space some of the stations are to be within tunnels or bridges. The route is to be completely electrified so as to curtail running costs and minimize environmental pollution. This section also boosts of several iconic structures; the Chenab Bridge and the Anji Bridge. The bridges are aesthetically designed, colossal structures, placed at great height being built across the Chenab River gorges. The Chenab bridge is an arch bridge 359 m above the river bed. When complete this will be the highest railway bridge in the world. The arch of the bridge has been laid and the deck laying process has recently been initiated. While the Anji bridge is India's first Cable stayed railway bridge. The bridge will be held in place by a single 195 m pier with 37-42 cable attachments. The work on the pier is fast reaching completion. There are 27 main tunnels totaling 97 Km in length. Individually 04 tunnels are more than 9 km in length and another 04 tunnels are about 5 Km long. Escape tunnels are being constructed with these tunnels as per international disaster management protocols. Tunnels on this project are being constructed using the latest New Austrian Tunnelling method (NATM). Reputed international consultants have been associated for consultancy and designing of the tunnel project. The tunnel will be equipped with modern state of art ventilation and public address system when complete. Expressing satisfaction on the progress the project MR said that, the aspirations of the people of Jammu & Kashmir has to be fulfilled by completing the project so that the region gets a good transportation system to remain connected to the rest of the country all the year round. He called upon the engineers working on the project to expedite the remaining portion on mission mode. Later the Minister boarded the Semi-high speed express train 'Vande Bharat from Katra for Jammu. He interacted with the travelling passengers to get their views and feedback about the railway services. The passengers were pleasantly surprised to see the Rail Minister travelling with them. While some voiced their suggestions for changes in the Railway system. Many more thanked the Minister for overall betterment in the services, cleanliness and passenger facilities over the recent years. He showed keen interest in the driving process of the train. On alighting from the train at Jammu the Minister inspected the Jammu-Tawi station and took stock of the passenger facilities there. He studied the redevelopment plan on display at the station. He was apprised that the redevelopment of Jammu Tawi station has been initiated, costing Rs. 226 crore which includes infrastructure enhancement, a second entry and subways for easy movement of passengers.



## भारतीय रेल ने प्रमुख सुरंग का निर्माण कार्य किया आरंभ



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेल ने रेलवे के समक्ष उपस्थित कई बाधाओं के कारण वर्षों से लंबित रखरखाव के कार्य के निष्पादन पर ध्यान केंद्रित किया है। इस श्रृंखला में,भारतीय रेल ने पश्चिम मध्य रेलवे जोन की भोपाल-इटारसी तीसरी लाइन परियोजना के बारखेड़ा-बुदनी (२६.५० किमी) खंड के बीच बड़ी लाइन तीसरी लाइन के लिए व्यापक तरीके से प्रमुख सुरंग निर्माण कार्य आरंभ किया है। भारतीय रेल की पीएसयू, रेल विकास निगम लिमिटेड मध्य प्रदेश के सीहोर तथा रायसेन जिलों में पश्चिम मध्य रेलवे की भोपाल डिवीजन की भोपाल-इटारसी रूट पर बारखेड़ा-बुदनी के बीच तीसरी विद्युतकृत ब्रौड गेज की रेल लाइन के संबंध में कंकड़ रहित ट्रैक वाली एनएटीएम (नई ऑस्ट्रियन सुरंग निर्माण पद्धति) के साथ पांच सुरंगों का निर्माण कर रही है। इससे दिल्ली-चेन्नई रूट के गोल्डेन डायगनल पर भीड़भाड़ में कमी आएगी। तीसरी लाइन की कमीशनिंग के साथ रेलगाड़ियां बीना-भोपाल-इटारसी खंड के बीच १३० किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी। आरवीएनएल इन सुरंगों का निर्माण घोड़े की नाल खंड में कर रही है। इस रूप में, एक अर्धगोलाकर छत होती है जिसके साथ धनुशाकार साइड तथा एक घुमावदार इनवर्ट होता है। इस सुरंग का निर्माण करने के लिए जो पद्धति उपयोग में लाई जाती है, वह एनएटीएम (नई ऑस्ट्रियन सुरंग निर्माण पद्धति) कहलाती है। एनएटीएम स्प्रेड कंक्रीट, ऐंकर्स तथा अन्य सपोर्ट के माध्यम से सुरंग की परिधि को स्थिर करती है तथा स्थिरता को नियंत्रित करने के लिए निगरानी का उपयोग करती है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राजभाषा सप्ताह-२०२१ के अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल कार्यालय के राजभाषा सप्ताह-२०२१ के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के राजभाषा विभाग द्वारा राजाभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार एवं कार्यालयीन कार्यो को हिन्दी में संपादित करने हेतु प्रेरित करने के लिये दिनांक १४ सितम्बर से २२ सितम्बर, २०२१ अनेक प्रतियोगिताओं एवं क्विज़ का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें सभी विभाग के काफी संख्या में अधिकारियो एवं कर्मचारीगण भाग लेंगे एवं विजेयताओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत भी किया जायेगा। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुये सभी कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किये जायेगे। सर्व प्रथम हिंदी सप्ताह का आयोजन दिनांक १४ सितम्बर, २०२१ को दोपहर ११.३० बजे से १३.०० बजे तक जोनल सभाकक्ष में राजभाषा सप्ताह का शुभारंभ एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए "हिन्दी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता" का आयोजन किया जायेगा। इस हिन्दी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता में किसी भी लेखन की हिन्दी पुस्तक पर समीक्षा की जा सकती है एवं समीक्षा एक या दो पृष्ठ में लिखकर प्रतियोगिता के समय पढ़कर सुनना होगा। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल मुख्यालय के वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिह के द्वारा राजभाषा से सम्बंधित प्रतिवेदन भी रखा जाएगा। इसमें राजभाषा से सम्बंधित नियम एवं कानून को ध्यान रखा जायेगा।

## एसआईजी टीम द्वारा प्रयागराज जं का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय की वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्तर की एसआईजी टीम द्वारा दिनांक ०६.०६.२०२१ को प्रयागराज जं का निरीक्षण किया गया। एसआईजी टीम में मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक यात्री सेवा एवं खानपान/ एस. पी. वर्मा, मुख्य सुरक्षा आयुक्त/ आर. एस. पी. सिंह, मुख्य इन्जीनियर/सामान्य आर. के० अग्रवाल/ एवं डॉ. राकेश निगम/अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित थे। टीम द्वारा प्रयागराज जं के सर्कुलेटिंग एरिया, कार एवं मोटरसाइकिल पार्किंग, कॉन्कोर्स हाल, पीआरएस आफिस, बुकिंग आफिस, खान पान स्टाल एवं यात्री प्रतीक्षालय आदि का निरीक्षण किया गया।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ ने किया आरडीएसओ का दौरा




रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सुनीत शर्मा ने २८ अगस्त २०२१ को आरडीएसओ का दौरा किया। अपने दौरे पर शर्मा ने आरडीएसओ के अतिरिक्त मंडल अस्पताल में अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) का उद्घाटन किया और आरडीएसओ में व्यायामशाला का भी उद्घाटन किया। इस विजिट के दौरान उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल भी अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीत शर्मा के साथ थे। इस अवसर पर आरडीएसओ ने हाल की उपलब्धियों और वर्तमान में चल रही परियोजनाओं को उल्लेख करते हुए विस्तृत प्रस्तुति दी। अध्यक्ष और सी ओ रेलवे बोर्ड की उपस्थिति में डी/अनुसंधान गौरव सिह ने अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया और उसके बाद राजेश एवरोल, जीएम/क्रिस और शिवेंद्र सिह द्वारा ऑनलाइन विक्रेता अनुमोदन मॅड्यूल के विस्तृत परिचय पर प्रस्तुति दी गई। शर्मा ने आरडीएसओ के यूटीएचएस निदेशालय द्वारा विकसित ऑनलाइन मेट्रो प्रमाणन मॉड्यूल का औपचारिक उद्घाटन किया। यह ऑनलाइन प्रमाणन मॉड्यूल आगामी मेट्रो रेल परियोजनाओं की त्वरित प्रमाणन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाएगा। इस अवसर पर आशुतोष गंगल, जीएम/एनआर ने अपने विचार साझा किए और आरडीएसओ की त्वरित तकनीकी मंजूरी प्रदान करने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सुनीत शर्मा ने अपने संबोधन में विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में आरडीएसओ के प्रयासों की सराहना की और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तेजी से बदलते परिवेश के बीच और सुधार का आग्रह किया। डीजी/आरडीएसओ संजीव भूटानी ने आरडीएसओ का दौरा करने के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सी ओ सुनीत शर्मा को धन्यवाद दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि आरडीएसओ उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और सभी शोध कार्यों को समय पर पूरा करेगा। जे. पी. पांडे, विशेष डीजी/वेंडर विकास ने आरडीएसओ को अपना बहुमूल्य समय एवं सुझाव देने के लिए अध्यक्ष और सीईओ, सुनीत शर्मा और महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे को धन्यवाद दिया।


# राजभाषा पखवाड़ा उदघाटन समारोह सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में महाप्रबंधक, यशपाल सिह की अध्यक्षता में मॉं सरस्वतती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वरलन कर दिनांक १५.०६.२०२१ को राजभाषा पखवाड़ा उदघाटन समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारम्भ हो गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्यव सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, सुरेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए अपील की कि अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी काम काज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं।


महाप्रबंधक यशपाल सिह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की गुंजाइश है। समारोह में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, एस.के.श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, डी.के.गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार, वी.के.गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, हरीश गुप्ता, मुख्य जन संपर्क अधिकारी, एस.के.मिश्रा, सचिव/महाप्रबंधक तथा भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन राजीव शर्मा,उप मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी सुनीला यादव ने किया।

# महाप्रबंधक /उत्तर मध्य रेलवे ने किया कानपुर-टूंडला सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के कानपुर-टूंडला खंड का प्रमोद कुमार महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे ने दिनांक-०४.०६.२०२१ को विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम/ प्रयागराज अतुल गुप्ता तथा उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ थे। ज्ञात हो कि विडो-ट्रेलिंग निरीक्षण भारतीय रेलवे में एक विशेष निरीक्षण है, जिसमें चलती ट्रेन से जुड़ी एक निरीक्षण कार की पिछली खिड़की से ट्रैक और उसके आसपास के प्रतिष्ठानों जैसे सिग्नल, ओएचई, प्लेटफॉर्म आदि का निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान, मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की सफाई और समग्र स्थिति, ट्रेन की सवारी की गुणवत्ता-विशेष रूप से बिदुओं और क्रसिंग पर, ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स (टीजीआई) में सुधार, ओएचई स्थिति, मार्ग में समपार फाटकों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मानदंड आदि महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा देखे गए। डीएफसी कार्यों की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए, महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने कहा कि मालगाड़ी के सुचारू आवागमन के लिए भाऊपुर से न्यू भाऊपुर अप लाइन और न्यू भाऊपुर से रूमा तक डीएफसीसीआईएल कनेक्शन के काम में तेजी लाई जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रयागराज मंडल में लोॠडग बढ़ाने की संभावना तलाशने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि बीडीयू को सभी उद्योगों से मिलना चाहिए। मार्ग में ट्रेन के ठहराव के दौरान महाप्रबंधक ने रूरा, झींझक, फफूंद, इटावा और फिरोजाबाद के स्टेशन अधीक्षकों से बातचीत की और स्टेशन की सफाई और स्टेशन को साफ रखने के लिए आवश्यक सहायता के बारे में पूछा। उन्होंने आवास आदि की स्थिति से जुड़ी अन्य जानकारी भी ली। महाप्रबंधक ने भाऊपुर से पनकी चौथी लाइन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के विलंबल से बचने के लिए सीआरओ प्रवण खंडों के लिए तत्काल बाउंड्री वॉल की योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने १६० किमी प्रति घंटे के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और आवश्यक कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

# संरक्षा विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल अपने यात्रियों को संरक्षित एवं समयबद्ध रेल यात्रा देने के लिए सदैव तत्पर रहा है। इसी क्रम में रेल कर्मियों को संरक्षा से जुड़ी विभिन्न जानकारियों से जागरूक कराने हेतु संरक्षा विभाग, प्रयागराज मण्डल द्वारा नियमित रूप से संरक्षा अभियान चलाये जाते हैं।

संरक्षा अभियानों की कड़ी में आज दिनांक ०७.०६.२०२१ को संरक्षा विभाग द्वारा प्रयागराज जंक्शन स्थित लॉबी प्रयागराज के लोको पायलट क्लासरूम में संरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ४० से अधिक रेल कर्मियों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। बैठक के दौरान संरक्षा सलाहकार/आर. एस.ओ चंद्रिका प्रसाद ने शंटिंग के दौरान वरीयता दी जाने वाली सावधानियों, यार्ड अवपथन के कारण एवं उनसे बचने के तरीके, इंजन को स्टेबल करते समय ली जाने वाली सावधानियों, इंजन/ट्रेन में आग लगने के कारण एवं बुझाने तथा अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग विषयों पर उपस्थित कर्मचारियों को जागरूक किया तथा कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का भी निराकरण किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ क्रू कंट्रोलर वासुदेव पांडे और सी. एल.आई/विद्युत गोविंद प्रसाद उपस्थित थे।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने किया राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ




रे.स.ब्यू./सूत्र। हाजीपुर पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-२०२१ का शुभारंभ महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। हिंदी दिवस के इस विशेष अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने कहा कि अपनी भाषा से ही किसी देश, समाज या व्यक्ति का समग्र विकास संभव है। 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण हमारा दायित्व है कि हम अपना अधिकांश काम हिंदी में करें। इसमें रेलवे का भी बड़ा योगदान है क्योंकि यह पूरे देश को एक सूत्र में बांधती है। राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए अन्य रेलों से भी अनुभव साझा करें ताकि एक दिन पूर्व मध्य रेल को राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में प्रथम हो। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण यह जरूरी है हम अपना अधिकांश काम हिंदी में करें। राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए हिंदी पखवाड़ा मनाये जाने पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार ने अतिथियों और अधिकारियों का स्वागत करते हुए राजभाषा पखवाड़ा-२०२१ के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देने का आह्वान किया। प्रारंभ हुआ राजभाषा पखवाड़ा १५ दिनों तक चलेगा, इस दौरान हिंदी निबंध, वाक् एवं टिप्पण व प्रारूप लेखन जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण के साथ समापन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित "वैशाली" पत्रिका के अंक-२१ का विमोचन भी महाप्रबंधक ने किया।

# महाप्रबंधक ने किया प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने दिनांक २८.०८.२०२१ को प्रयागराज मंडल कार्यालय का दौरा किया। इस अवसर महाप्रबंधक महोदय ने प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कार्यों की समीक्षा की। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि की हम लोग ट्रांसपोर्ट के बिजनेस में है और एक ट्रांसपोर्टर के रूप में हमारी बेहतर छवि लोगों के मध्य होनी चाहिए। उन्होने उपयोगकर्ताओ के साथ कर्मचारियो के कुशल व्यवहार तथा सामान बुक कराने आ रहे ग्राहकों की सहजता के लिए प्रयास करने की बात भी कही। उन्होने यह भी कहा कि, इन बातों के साथ साथ ही हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि हमारी गाड़ियों की समय पालनता भी बेहतर बनी रहे। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने अधिकारियों से वयक्तिगत स्तर पर संवाद स्थापित करते हुए उन्हे आश्वस्त किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उनके संज्ञान में लाया जाए, उनका हर संभव समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/इंफ्रा अतुल गुप्ता, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ सामान्य अजीत कुमार सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/परिचालन अमित मिश्र, सचिव महाप्रबंधक सौरभ जैन सहित प्रयागराज मण्डल के सभी विभागों के शाखाधिकारी उपस्थित थे।


# आर.डी.एस.ओ. में हिंदी सप्ताह-२०२१ का आयोजन




रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। राजभाषा के प्रचार प्रसार एवं प्रोत्साहन हेतु हिंदी सप्ताह समारोह १४ से २० सितंबर, २०२१ तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आर.डी.एस.ओ.लखनऊ में महानिदेशक (विशेष), आर.डी.एस.ओ. जे. पी. पांडेय ने दिनांक १४.०६.२०२१ को आर.डी.एस.ओ. के कांफ्रेंस हॉल में दीप प्रज्ज्वलित करके और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके हिंदी सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया। महानिदेशक (विशेष) ने अपने उद्घाटन संबोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा नियमों के अनुसार सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

अध्यक्ष द्वारा संगठन के कॉमिकों को राजभाषा प्रतिज्ञा भी दिलाई गयी। मुख्य राजभाषा अधिकारी राजीव कान्त जैन ने हिंदी दिवस तथा हिंदी सप्ताह के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी संगठनकर्मियों से समारोह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। राजभाषा अधिकारी आर. पी. शाक्य द्वारा रेल मंत्री संदेश का भी वाचन किया गया। इस अवसर पर आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक १४.०६.२०२१ को एक तकनीकी हिंदी संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस संगोष्ठी में "रेल प्रौद्योगिकी के उन्नयन में आर.डी.एस.ओ. की भूमिका" तथा "पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पर्यटन के विकास में रेलवे की भूमिका" विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में दिनांक २०.०६.२०२१ को संगठन के कार्मिकों को प्रोत्साहित करने हेतु कविता पाठ एवं संगठन की तिमाही राजभाषा समीक्षा बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान संगठन के जे. पी. पाण्डेय महानिदेशक (विशेष), रमेश पिजानी, अपर महानिदेशक, राजीव कान्त जैन, मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा सभी निदेशालय प्रमुख भौतिक रूप से उपस्थित रहे एवं संगठन के शेष कार्मिक वेब के माध्यम से जुड़े रहे।



# बी०पी०सी०एल० एवं क्षेत्र की समस्याओं के लिए रीता बहुगुणा जोशी ने किया मुख्यमंत्री से मुलाकात



रे.स.ब्यूरो./सांवा. प्रयागराज की सांसद प्रो० रीता बहुगुणा जोशी जी क्षेत्र के समस्याओं विशेषकर बी०पी०सी०एल० कम्पनी के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आवास पर मुलाकात की।

प्रो० जोशी ने मा० मुख्यमंत्री जी से बी०पी०सी०एल० के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर बी०पी०सी०एल० के उपकरणों एवं मशीनरी को प्राइवेट सेक्टर से खरीदे जाने की माँग की। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मुख्य सचिव राजेन्द्र तिवारी को तत्काल अपने आवास पर बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं ठोस निर्णय लेने के लिए कहा। सांसद प्रो० जोशी ने मुख्य सचिव राजेन्द्र तिवारी से वार्ताकर बैठक आयोजित करने के लिए कहा है जिसमें उनके अलावा मुख्य सचिव की उपस्थिति में प्रमुख सचिव भारी उद्योग व अन्य सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी एवं बी०पी०सी०एल० के प्रबन्धन के अधिकारी एवं कर्मचारी यूनियन के दो पदाधिकारी भी मौजूद रहेगें। अवसर पर सांसद प्रो० जोशी के पुत्र एवं भाजपा नेता मंयक जोशी भी उपस्थिति थे।

# यात्री जनता की सुविधा हेतु निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष गाड़ियों के संचालन

रे.स.ब्यू./सूत्र। -०६०५७ ऊधना-बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०३ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जायेगा।

-०६०५८ बनारस-ऊधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०५ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक रविवार को किया जायेगा।

- ०६४५१ गांधीधाम-भागलपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०३ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जायेगा।

- ०६४५२ भागलपुर-गांधीधाम साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०६ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा।

# कायस्थ भागीदारी सुनिश्चित करने को होगा हर संभव प्रयास

रे.स.ब्यू./सूत्र। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा. इंद्रसेन श्रीवास्तव के शहर में पहली बार आने पर शुक्रवार को मुट्ठीगंज स्थित मुंशी राम प्रसाद की बगिया में स्वागत हुआ।

अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री कुमार नारायण ने प्रदेश में कायस्थों की उपेक्षा पर प्रदेश अध्यक्ष से सभी राजनीतिक पार्टियों के विरोध की बात कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) संजय श्रीवास्तव 'राजन ने कहा कि जब तक सभी राजनीतिक दल कायस्थ की भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेंगे, तब तक यह समाज किसी के साथ नहीं आएगा। युवा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रयागराज निखिल श्रीवास्तव ने कहा कि जनतांत्रिक ढांचे में कायस्थों की बौद्धिकता को दोयम दर्जे में मापना राजनीतिक दलों के खतरे को प्रदर्शित कर रहा है। राष्ट्रीय सचिव सुमित श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## श्री चित्रगुप्त सम्मेलन में सभी चित्रांशों की भागीदारी जरूरी

रे.स.ब्यू./सूत्र। नई दिल्ली अखिल भारतीय कायस्थ महासंघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष रेलवे पैसेंजर सेफ्टी एण्ड एमनटीज एसोशियेशन के उपाध्यक्ष एवं चित्रगुप्त वंशज्ञा सभा प्रयागराज के उपाध्यक्ष और प्रधान सम्पादक रेल समाचार ब्यूरो ने पूरे देश में चित्रांशों से सम्पर्क कर एवं पत्राचारों के द्वारा श्री चित्रगुप्त सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आग्रह कर रहे हैं। कि आने वाले समय में एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी ताकत का बोध करायें। ज्ञातव्य है कि सभी जातियों के लोग अपनी महानता का गुण बखानते नहीं थकते। सम्मेलन की तारीख, स्थान सूचित किया जायेगा।

# श्रीरामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी वातानुकूलित आधुनिक पर्यटक ट्रेन

IRCTC

साभार: भगवान श्रीराम में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी। भारतीय रेलवे का उपक्रम आई.आर.सी.टी.सी. धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देखो अपना देश डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए चलाने जा रही है।

यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से ७ नवंबर को प्रारंभ होगी व पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। पूर्व में भी यह यात्रा आयोजित की गई थी जिसमें केवल स्लीपर श्रेणी से ही यात्रा सुविधा उपलब्ध थी। अब पहली बार आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन, इस अनूठी यात्रा के लिए चलायी जा रही है। पूरी यात्र में कुल १७ दिन लगेंगे। यात्रा का पहला पड़ाव प्रभु श्री राम का जन्म स्थान अयोध्या होगा जहां श्री राम जन्मभूमि मंदिर श्री हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। अयोध्या से रवाना होकर यह ट्रेन सीतामढ़ी जाएगी जहां जानकी जन्म स्थान वह नेपाल के जनकपुर स्थित राम जानकी मंदिर का दर्शन प्राप्त किया जा सकेगा। ट्रेन का अगला पड़ाव भगवान शिव की नगरी काशी होगा जहां से पर्यटक बसों द्वारा काशी के प्रसिद्ध मंदिरों सहित सीता समाहित स्थल, प्रयाग, श्रृंगवेरपुर, व चित्रकूट की यात्रा करेंगे। इस दौरान काशी प्रयाग व चित्रकूट में रात्रि विश्राम होगा। चित्रकूट से चलकर यह ट्रेन नासिक पहुंचेगी जहां पंचवटी व त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण किया जा सकेगा। नासिक के पश्चात प्राचीन किष्किंधा नगरी हंपी इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा जहां अंजनी पर्वत स्थित श्री हनुमान जन्म स्थल व अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक व विरासत मंदिरों का दर्शन कराया जाएगा। इस ट्रेन का अंतिम पड़ाव रामेश्वरम होगा।

रामेश्वरम में पर्यटकों को प्राचीन शिव मंदिर व धनुशकोडी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा। रामेश्वरम से चलकर यह ट्रेन १७ वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग ७५०० किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में यात्री कोच के अतिरिक्त दो रेल डाइनिंग रेस्तरां एक आधुनिक किचन कार व यात्रियों के लिए फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालय और शॉवर क्यूबिकल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे। यह विशेष पर्यटक ट्रेन, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की पहल "देखो अपना देश" के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने एसी प्रथम श्रेणी की यात्रा के लिए रु १,०२,०६५/- प्रति व्यक्ति एवं एसी द्वितीय श्रेणी की यात्रा के लिए रु ८२,६५०/- प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है। इस टूर पैकेज की कीमत में यात्रियों को रेल यात्रा के अतिरिक्त स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित बसों द्वारा पर्यटक स्थलों का भ्रमण, एसी होटलों में ठहरने की व्यवस्था, गाइड व इंश्योरेंस आदि कि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

सरकार/पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। यात्रा की पूरी अवधि के दौरान आईआरसीटीसी की टीम स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखेगी एवं यात्रियों को सुरक्षित व चिंता मुक्त अनुभव देने का प्रयास करेगी। आईआरसीटीसी सभी पर्यटकों को फेस मास्क, हैंड ग्लव्स और सैनिटाइज़र रखने के लिए एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगी। सभी पर्यटकों और कर्मचारियों का तापमान जांच व हॉल्ट स्टेशनों पर बार-बार ट्रेन सेनिटाइजेशन आदि सुनिश्चित किया जाएगा। सभी कर्मचारियों की अच्छी तरह से जांच की जाएगी और प्रत्येक भोजन सेवा के बाद रसोई और रेस्तरां को साफ व सेनिटाइज किया जाएगा। इस यात्रा की बुकिंग के लिए १८ वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक यात्री को कोविड के टीके का दोनों डोज लगा होना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री आआरसीटीसी की वेबसाइट http://www.irctctourism.com पर जा सकते हैं और ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बुकिंग की सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर 8287930202, 8287930299, 8287930157 भी संपर्क किया जा सकता है।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट को मिला वीरता सम्मान

रे.स.ब्यूरो/नई दिल्ली। ६५ बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार वृक्ष को आतंकवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में कई आतंकियों को मार गिराने के उनके अदम्य साहस और कार्य के लिए मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के द्वारा वीरता सम्मान से १ सितंबर को नवाजा गया उन्हें यह वीरता सम्मान श्री कुलदीप सिंह डायरेक्टरेट जनरल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय नई दिल्ली के हाथों प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि २०१६ में जम्मू कश्मीर के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले इलाके सोफिया जिला मे अनिल कुमार वृक्ष लगातार ३ साल तक तैनात रहे । १७८ बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के बतौर कमांडेंट तैनात रहे अनिल कुमार को १६ मई २०१६ को सेब के बागान में कुछ आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली अपनी बटालियन का नेतृत्व करते हुए अनिल कुमार वृक्ष की आतंकवादियों के साथ लगभग ६ से ७ घंटे मुठभेड़ चली, मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने दो आतंकवादियों को मौके पर मार गिराया था उनके कब्जे से एके-४७, पिस्टल और भारी संख्या में गोली बारूद भी बरामद किये थे। यह आतंकवादी हिजबुल मुजाहिद्दीन नामक आतंकी संगठन से जुड़े हुए थे जिनका इस इलाके में काफी आतंक माना जाता था उनके मारे जाने से हिज्बुल मुजाहिदीन संगठन को काफी बड़ा झटका लगा कमांडेंट अनिल कुमार इस बहादुरी और अदम्य साहस के लिए गृह मंत्रलय द्वारा वीरता सम्मान से आज सम्मानित किया गया। गोरखपुर के निवासी अनिल कुमार ने जनवरी १९६८ में असिस्टेंट कमांडेंट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को ज्वाइन किए थे अनिल कुमार कई महत्वपूर्ण अभियानों में काफी खूंखार आतंकवादियों का एनकाउंटर कर उनका सफाया किया है वर्तमान में अनिल कुमार वृक्ष वाराणसी ६५ बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के बतौर कमांडेंट पद पर कार्यरत हैं।।

## मा. राष्ट्रपति ने लखनऊ से अयोध्या तक रेलगाड़ी का दौरा किया



रे.स.ब्यूरो/लखनऊ। भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने आज सुबह एक विशेष रेलगाड़ी से पवित्र अयोध्या शहर का दौरा किया। अयोध्या में दिन बिताने के बाद राष्ट्रपति शाम को रेलगाड़ी से वापस लखनऊ लौट आए ।

राष्ट्रपति महोदय को ले जाने वाली इस रेलगाड़ी ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक चारबाग रेलवे स्टेशन से सुबह ०६:३६ बजे अपनी यात्रा शुरू की और पूर्वाह्न ११:२७ बजे अयोध्या स्टेशन पहुंची। चारबाग रेलवे स्टेशन पर उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल, श्रीमती आनंदी बेन पटेल, रेल राज्यमंत्री श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, लखनऊ के मेयर, सांसद और विधायक, अध्यक्ष और सीईओ रेलवे बोर्ड, सुनीत शर्मा, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री आशुतोष गंगल, मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ, श्री एस. के. सपरा तथा राज्य प्रशासन और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। माननीय राष्ट्रपति का अयोध्या रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया ।

## प्रयागराज जंक्शन पर प्लेटफार्म टिकट सुविधा हुई बहाल

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन पर प्लेटफार्म टिकट की सुविधा मंगलवार दिनांक ०७.०६.२०२१ से बहाल कर दी गई।

प्रयागराज के अलावा यह सुविधा मंडल के कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़, प्रयागराज छिवकी, इटावा, मिर्जापुर, टूंडला स्टेशन पर भी मिलेगी। रेलवे प्रशासन द्वारा प्लेटफार्म टिकट का शुल्क ३० रुपये निर्धारित किया गया है।

इन सभी स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट ३० रुपये का मिलेगा। मंडल के अन्य स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की दर दस रुपये ही रहेगी।

वहीं प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि तत्काल प्रभाव से प्लेटफार्म टिकट की सुविधा बहाल कर दी गई है।

## उभरते सितारे फंड का शुभारम्भ करते वित्तमंत्री एवं प्रदेश के एमएसएमई मंत्री



रे.स.ब्यूरो/ प्रयागराज। राजधानी लखनऊ में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और इंडिया एक्जिम बैंक के उभरते सितारे फंड की शुरुआत करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की एक जिला एक उत्पाद योजना (ओडीओपी) देश के लिए रोल माडल है। निर्यात की संभावना वाली कंपनियों की मदद के लिए शुरु किए गए उभरते सितारे फंड को ओडीओपी से रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश के किसी राज्य के मुकाबले सबसे ज्यादा छोटे व मझोले उद्योग (एमएसएमई) हैं और यहां के लोग इसका सबसे ज्यादा लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि फंड के जरिए निर्यात की संभावना वाले उद्यमों को वित्तीय व तकनीकी मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा इन उद्यमों की पहचान एक बड़ी चुनौती थी। वित्त मंत्री जी ने एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना ने पारंपरिक कला एवं कारीगरों को नई पहचान दी है। कारीगरों को नई तकनीक से जोड़कर उनके उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में राज्य सरकार की बड़ी भूमिका रही है। उभरते सितारे कार्यक्रम के अंतर्गत एमएसएमई के साथ-साथ ओडीओपी कारीगरों को भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले से ही ओडीओपी योजना मौजूद होने के फलस्वरूप यहां आसानी से इन उद्योगों व ईकाईयों को चिन्हित किया जा सकेगा। ओडीओपी के चलते जिलों में क्लस्टरों के विकास में मदद मिलेगी। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री सिवसुब्रमणियन रमण ने उभरते सितारे फंड की शुरुआत के मौके पर कहा कि स्टार्ट अप फंड से अर्थव्यवस्था को गति मिली है। उन्होंने कहा कि सिडबी उत्तर प्रदेश के लिए स्टार्ट फंड को फिर से गतिशील करेगा और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार का सहयोग लेगी। छोटे व मझोले उद्यमों के लिए काम कर रही सिडबी ने अभी तक उत्तर प्रदेश में १.७ लाख लोगों तक लाभ पहुंचाया है। सिडबी का उद्देश्य छोटे व मझोले उद्योंगो को सही ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

## जिलाधिकारी एवं डीआईजी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



रे.स.ब्यूरो/प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET) के दृष्टिगत जनपद में बनाये गये परीक्षा केन्द्रो भारत स्काउट एंड गाइड एवं डीपीएस कालेज सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं परीक्षा हॉल का भी निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ( UPSSSC ) को पहली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी०ई०टी०) २०२१ का आयोजन राज्यभर में निर्धारित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में निर्धारित केन्द्रो पर परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की गयी है।

## यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष गाड़ियों का संचालन

रे.स.ब्यूरो/वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि विस्तार अगले आदेश तक निम्नवत् किया जायेगा। - ०६०५७ ऊधना-बनारस साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०३ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जायेगा। -०६०५८ बनारस-ऊधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०५ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। -०६४५१ गांधीधाम- भागलपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०३ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जायेगा। -०६४५२ भागलपुर-गांधीधाम साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार ०६ सितम्बर, २०२१ से अगले आदेश तक प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर भारत को शीर्ष स्थान दिलाएं युवा-राष्ट्रपति



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नए भवन परिसर के शिलान्यास समारोह में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि अगर हमें हमारे संविधान के समावेशी आदर्शों को अर्जित करना है, तो न्यायपालिका में भी महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की आवश्यकता है। दिनांक ११ सितंबर, २०२१ राष्ट्रपति ने १६२१ में भारत की पहली महिला वकील, कॉर्नेलिया सोराबजी को नामांकित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय का उल्लेख करते हुए, उस निर्णय को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी निर्णय करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय में तीन महिला न्यायाधीशों सहित नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ न्यायपालिका में महिलाओं की सहभागिता का एक नया इतिहास रचा गया। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर भारत को शीर्ष स्थान दिलाएं।

## एक सितंबर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा १५०० रुपये मानदेय



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को चुनावी साल में बड़ा तोहफा देते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उनके मानदेय में ७५० रुपये से लेकर १५०० रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में १५००, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में १२५० और सहायिकाओं के मानदेय में ७५० रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ा हुआ मानदेय एक सितंबर से ही मिलेगा। इसके लिए वी. हेकाली झिमोमी, प्रमुख सचिव बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार ने मंगलवार दिनांक १४.०६.२०२१ संबंधित आदेश जारी कर दिया है। बतादें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी। अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह ५५०० के बजाय ७००० रुपये प्रतिमाह मिलेगा। इसी प्रकार मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ४२५० रुपये मानदेय की जगह ५५०० रुपये और सहायिकाओं को ३२५० रुपये की जगह ४००० मानदेय मिलेगा।

## धर्मेन्द्र प्रधान बने उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी



रे.स.ब्यू./सूत्र। नई दिल्लीः उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मणिपुर में फिर से सरकार गठन के लिए जहां विकास और जातिगत फार्मूले को धार दी जा रही हैं वहीं रणनीति और संगठन के तौर पर भी भाजपा राज्य के एक-एक जोन को कसने में जुट गई है। चुनाव प्रभारी के रूप में अनुभवी नेताओं के साथ नए चेहरे जोड़े गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अनुभवी प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह के साथ अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को उप्र का चुनाव प्रभारी और केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर समेत अन्य सात को सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उनके साथ-साथ छह जोन के अलग से छह क्षेत्र प्रभारी बनाए गए हैं। विधानसभा चुनाव में यूं तो पांच छह माह की देरी है लेकिन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तत्काल प्रभाव से मंत्रियों को जिम्मेदारी लेने को कहा है। उप्र. सबसे अहम भी है और तेज हुई ओबीसी राजनीति भी यहीं सबसे ज्यादा गर्म है। ऐसे में प्रधान की नियुक्ति को रणनीति के रूप में ही देखा जा रहा है। बिहार और उप्र में भाजपा गैर यादव ओबीसी राजनीति पर फोकस करती रही है। प्रधान ओबीसी हैं और बिहार समेत कई राज्यों में प्रभारी के रूप में कामकाज देखने का अनुभव है। सह प्रभारी बनाए गए अनुराग अगड़ी जाति से हैं।

केन्द्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, शोभा करांदलजे, अन्नपूर्णा देवी, कैप्टन अभिमन्यु, विवेक ठाकुर और सरोज पांडे को सह प्रभारी बनाया गया है।

**अगला अंक गांधी जयन्ती विशेषांक होगा।**

## नवीन कुमार ने संभाला वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक का कार्यभार नवीन कुमार ने ग्रहण कार लिया। बतादें कि नवीन कुमार वर्ष १६८८ के भारतीय रेल बिजली इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी हैं। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक के पद पर ज्वाइन करने से पूर्व कुमार, मण्डल रेल प्रबंधक, आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे के पद पर कार्यरत थे। नवीन कुमार ने वर्ष १६८८ में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थारन, कानपुर से इलेक्ट्रिकल में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री पूरी की और वर्ष १६६१ में भारतीय रेल में अपनी सेवा प्रारम्भं की। कुमार भारतीय रेल में विभिन्न महत्विपूर्ण पदों यथा सीनियर डीवीज़नल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर प/आपरेशन/ धनबाद सीनियर डीवीज़नल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर / टीआर डी / मुगलसराय, एडीशनल चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर/ इलेक्ट्रिकल / डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर / मुगलसराय, एडीशनल चीफ प्रोजेक्टस डायरेक्टर /आरई कोलकाता, मुख्य बिजली लोको इंजीनियर/ पूर्व रेलवे आदि पर कार्य कर चुके हैं।

## जन-जन की भाषा है हिंदी - विधायक

रे.स.ब्यूरो/संवा. प्रयागराज। कौशाम्बी भरवारी स्थित एमजीएम ग्रुप ऑफ स्कूल, एनडी ग्रुप ऑफ स्कूल के सभी संस्थानों एवं रिद्धि सिद्धि क लेज ऑफ हायर एजुकेशन में हिंदी दिवस को महोत्सव के तौर पर मनाया गया विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता, सभी संस्थानों में टीचर और छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8 मो. 9793956044,9935224867 फोन नं.-0532-2418040

## अब प्रयागराज जंक्शन पर होगा वैक्सीनेशन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल प्रशासन ने सूचित किया है कि सेन्ट्रल हॉस्पिटल/ उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज में संचालित कोविड वैक्सीनेशन सेंटर को दिनांक ०६.०६.२०२१ से यात्री आश्रय संख्या-४ प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शिफ्ट किया गया है। इसी कड़ी में दिनांक ०६.०६.२०२१ को रेल समाचार ब्यूरो के प्रधान संपादक और रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति /उमरे के सदस्य ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने वैक्सीन की पहली डोज़ लगवाई, इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने वैक्सीनेशन सेंटर की तारीफ की। साथ में केंद्रीय चिकित्सालय/ उमरे /प्रयागराज की एम.डी डा.रूपा कपिल, डा. एस. के हाण्डू, डा. आर. जे चौधरी, चीफ मैट्रन कुमुद तिवारी, कोविड के प्रशासकीय अधिकारी व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।